मंगलवार
34 साल से देहरादून का विश्वास
14 अप्रैल 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 80
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# सड़कें राष्ट्र की भाग्य रेखा: मोदी

## ❑दून-दिल्ली एक्सप्रेस वे जनता को समर्पित



### ❑पीएम के 28वें राज्य दौरे को धामी ने बताया उत्तराखण्ड प्रेम का प्रतीक
### ❑मुख्यमंत्री धामी का दावा 2027 में राज्य में बनेगी भाजपा की सरकार

विशेष संवाददाता

देहरादून। दून-दिल्ली एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करते हुए आज यहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि व्यक्ति अपने भाग्य को जानने के लिए ज्योतिषी को हाथ दिखाता है लेकिन मैं इसे दूसरे संदर्भ में देखता हूं। राष्ट्र के विकास की भाग्य रेखा सड़के होती है। उन्होंने कहा कि दूंन-दिल्ली एक्सप्रेसवे के उद्घाटन से उत्तराखंड राज्य के विकास का नया द्वार खुलेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि इस कॉरिडोर की शुरुआत होने से सिर्फ दिल्ली-देहरादून की यात्रा ही सुगम नहीं होगी और समय की ही बचत नहीं होगी अपितु राज्य के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। मोदी ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास 21वीं सदी के भारत के नए निर्माण का सबसे बड़ा आधार बन रहा है। देश भर में हवाई सेवाओं से लेकर हाइवे, एक्सप्रेसवे तथा रेलवे के माध्यम से आर्थिक विकास का नया मार्ग तैयार हुआ है।

मोदी ने कहा कि मेरे मुंह से अनायास ही केदार बाबा की धरती से यह बात निकली थी कि तीसरा दशक उत्तराखण्ड के विकास का दशक होगा लेकिन उत्तराखंड राज्य के 26वें वर्ष में आते-आते जहां राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर का जो मजबूत ढांचा बनकर तैयार हो चुका है अब वह यह बता रहा है कि विकास का यह सपना साकार रूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय में पूरे देश में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 2 लाख करोड़ का बजट खर्च होता था लेकिन अब सिर्फ उत्तराखंड में सवा दो लाख करोड़ की योजनाओं पर काम हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपना संबोधन ठेठ पहाड़ी भाषा शैली में शुरू कर खूब वाह वाही बटोरी। उन्होंने कहा कि मां डाट काली के आशीर्वाद से ही इस कॉरिडोर का काम पूरा हो सका है। पीएम ने रिमोट का बटन दबाकर सभी चार चरणों में कराए गए निर्माण कार्य का आज लोकार्पण किया है। पीएम ने पहले डाट काली मंदिर जाकर पूजा अर्चना की और उसके बाद 15 किलोमीटर लंबा रोड शो भी किया इस दौरान भारी भीड़ देखी गई। कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और सीएम धामी ने प्रधानमंत्री को शाल ओड़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में राज्य में चल रही सड़क परियोजना व रोपवे योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा सीएम पुष्कर सिंह धामी द्वारा भी सभा को संबोधित करते हुए कहा गया कि यह उनका पीएम बनने के बाद 28वां उत्तराखंड दौरा है जो मोदी के उत्तराखंड के प्रति लगाव का प्रतीक है। उन्होंने पीएम का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश उनके नेतृत्व में मिली सहानुभूति का आभारी है। धामी ने कहा कि 2022 की तरह उनके मार्गदर्शन में भाजपा 2027 में फिर राज्य में सरकार बनाएगी। इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह तथा पूर्व मुख्यमंत्रियों सहित सभी सांसद व राज्य कैबिनेट मंत्री तथा विधायक भी मौजूद रहे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# मेकअप का तमाशा कब तक?

कहा जाता है कि जो दिखता है वही बिकता है। लेकिन सवाल यह है कि आखिर दिखावे की यह राजनीति कब तक? पीएम मोदी के दून आगमन की जो भव्य तैयारियां शासन-प्रशासन द्वारा की गई है जिस तरह से पीएम के रोड शो और उन तमाम सड़कों तथा स्थानों को सजाया संवारा गया है जहां से उन्हें गुजरना है या जाना है काश भाजपा की ट्रिपल इंजन वाली सरकार और प्रशासन ने हमेशा के लिए इस खूबसूरत शहर को सजाने का प्रयास किया गया होता। सड़कों के गढ्ढे भरने से लेकर साफ सफाई और रंगाई पुताई करने में किसी तरह की कोई कोर कसर उठाकर नहीं रखी गई है। यह अलग बात है कि देश के स्मार्ट शहरों की सूची में शामिल इस शहर को लाखों करोड़ खर्च करने के बाद भी सरकार स्मार्ट सिटी नहीं बना सकी खैर अब उस स्मार्ट सिटी योजना की बात ही क्या करना जो बंद की जा चुकी है। एक दिन के लिए ही सही और थोड़े हिस्से को ही सही स्मार्ट दिखाने में शासन प्रशासन ने जो मेहनत की है वह इस बात का सबूत जरूर है कि शासन प्रशासन की क्षमता में कोई कमी नहीं है वह कम से कम समय में वह सब कुछ कर सकती है जो वह करना चाहती हो। इसका उदाहरण वह बैनर पोस्टर और तमाम कट आउट भी है जो पूरे शहर के बिजली पोल से लेकर उन तमाम जगहों पर लगे हैं जहां भी संभव था। पीएम के इस दौरे के लिए क्या-क्या किया गया उसकी फेहरिस्त अत्यंत लंबी है। कई दिनों से सड़कों को बंद किए जाने से लेकर उनके रोड शो के मार्गो पर सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद किए जाने और डाट काली माता मंदिर को दो दिन के लिए आम आदमी के पूजा पाठ के लिए बंद किए जाने तक क्या-क्या नहीं किया गया है? सबका उल्लेख संभव नहीं है लेकिन दो दिनों के लिए लोग 100 किलोमीटर का चक्कर काट कर दून पहुंच रहे हैं यह अलग बात है। व्यापारिक प्रतिष्ठान तो बंद रहेंगे ही लेकिन इन प्रतिष्ठानों में काम करने वालों को प्रशासन ने सरकारी ड्यूटी पर लगा दिया गया है। रोड शो के दौरान यह कर्मचारी हाथ में भाजपा का झंडा लेकर पीएम को हाथ हिला कर स्वागत करेंगे दरअसल पीएम मोदी के इस दौरे को भव्य और दिव्य बनाने के कई अहम कारण है। सरकार के सामने 2027 की शुरुआत में होने वाले राज्य के विधानसभा चुनाव तो है ही इसके साथ ही पीएम मोदी की लार्जर इमेज को इस देहरादून एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के जरिए उन राज्यों तक पहुंचाने की भी कोशिश है जहां अभी चुनाव हो रहे हैं। फेस वैल्यू की चमक दमक के लिए जनता की गाढ़ी कमाई का भले ही 50-60 करोड़ ठिकाने लग जाए इससे किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता है। इस सब तैयारी या भव्यता और दिव्यता के दिखावे के पीछे और भी कई अहम कारण है। सूबे की सरकार पीएम मोदी को उसे सच को दिखाना ही नहीं चाहती है जो धाकड़ कहे जाने वाली इमेज को डैमेज करने वाले हो। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी को सिर्फ हरा-हरा ही दिखाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए भीड़ जुटाने की चुनौती से निपटने के लिए भी तमाम इंतजाम किए गए हैं टोल फ्री करना भी इसी क्रम में लिया गया निर्णय है। शासन-प्रशासन ने दिन-रात एक करके इस कुछ घंटे के कार्यक्रम को सफल बनाने की जो तैयारियां की गई है उसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। काश वह इतनी दृढ़ इच्छा शक्ति और ऊर्जा के साथ हमेशा काम कर पाते?



# राज्यपाल ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

हमारे संवाददाता

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने आज लोक भवन में भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों की स्थापना के लिए समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय समाज को एक नई दिशा देने के साथ ही एक सशक्त, समतामूलक और समावेशी राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# डबल इंजन का दमः चार साल में उत्तराखंड के विकास को मिली नई रफ्तार

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से बीते चार वर्षों के दौरान उत्तराखंड में विकास परियोजनाओं को अभूतपूर्व गति मिली है।

आज यहां केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से बीते चार वर्षों के दौरान उत्तराखंड में विकास परियोजनाओं को अभूतपूर्व गति मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में डबल इंजन की अवधारणा जमीन पर उतरी है। वर्तमान में ही केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में दो लाख करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं पर काम चल रहा है। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी, पर्यटन, स्वास्थ्य, धार्मिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए ऑल वेदर रोड परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है, वहीं अब दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे के शुरु हो जाने से प्रदेश की कनेक्टिविटी को नया आयाम मिला है।




इस समय सितारगंज से टनकपुर, पौंटा साहिब- देहरादून, भानियावाला - ऋषिकेश, काठगोदाम लालकुंआ-हल्द्वानी बाईपास और रूद्रपुर बाईपास पर भी अलग- अलग चरण में काम चल रहा है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना तेजी से पूर्णता की ओर बढ़ रही है, इसके साथ ही केंद्र सरकार ने 48 हजार करोड़ रुपये की टनकपुर - बागेश्वर रेल लाइन परियोजना को भी मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रदेश में 11 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकसित करने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। बीते चार साल में केंद्र सरकार के सहयोग से जॉलीग्रांट, पंतनगर और पिथौरागढ़ एयरपोर्ट का विस्तार किया गया। उड़ान योजना के अंतर्गत प्रदेश में 18 हेलीपोर्ट्स विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें से 12 हेलीपोर्ट्स पर हवाई सेवाएं सफलतापूर्वक प्रारंभ की जा चुकी हैं। इससे गौचर, श्रीनगर, चिन्यालीसौड़, हल्द्वानी, मुन्स्यारी, पिथौरागढ़, पंतनगर, चंपावत, बागेश्वर, नैनीताल और अल्मोड़ा जैसे शहरों के लिए हवाई सेवा शुरु की जा चुकी है। वर्ष 2022 तक राज्य में सिर्फ दो हेलीपोर्ट थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 7 हो गई है। हेलीपैड की संख्या वर्ष 2021-22 में 60 थी जो अब बढ़कर 118 हो चुकी हैं। केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में रोपवे विस्तार के लिए पर्वतमाला परियोजना संचालित की जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत रानीबाग से नैनीताल, पंचकोटी से नई टिहरी, खलियाटॉप से मुन्स्यारी, हरकी पौड़ी से चंडी देवी मंदिर, ऋषिकेश से नीलकंठ महादेव तथा औली से गौरसों तक रोपवे विकास की प्रक्रिया जारी है। केंद्र सरकार के सहयोग से गौरीकुंड से केदारनाथ धाम तक, गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक रोपवे परियोजनाओं का निर्माण भी शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है। धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम का पुनर्विकास कार्य तेजी से चल रहा है। मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत कुमाऊं क्षेत्र के मंदिरों का व्यापक विकास किया जा रहा है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऋषिकेश में अंतरराष्ट्रीय स्तर का राफ्टिंग प्लेटफॉर्म विकसित किया जा रहा है, जिससे राज्य में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। केंद्र सरकार के सहयोग से बहुप्रतीक्षित जमरानी, सौंग एवं लखवाड़ बांध परियोजनाओं पर काम चल रहा है, इससे हल्द्वानी के साथ ही देहरादून की पेयजल और सिंचाई व्यवस्था को मजबूत होगी। केंद्र सरकार के सहयोग से किच्छा में एम्स सेटेलाइट सेंटर पर काम प्रारंभ हो चुका है, इसी तरह एम्स ऋषिकेश में देश की पहली हेली एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ की गई है।

प्रदेश के 226 विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए उधम सिंह नगर में स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित की जा रही है। सीमांत क्षेत्रों के विकास हेतु वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अंतर्गत बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

# पुलिस महानिरीक्षक ने किया केदारनाथ धाम यात्रा तैयारियों का निरीक्षण

हमारे संवाददाता

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल 2026 को खुलने हैं। चारधाम यात्रा को प्रारम्भ होने से पूर्व पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड के निर्देशन में उत्तराखण्ड के सभी चार धामों में यात्रा तैयारियों, ड्यूटी पर नियुक्त होने वाले पुलिस बल की आवासीय सहित बुनियादी सुविधाओं तथा प्रभावी सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के प्रभावी पर्यवेक्षण तथा इनका भौतिक रूप से निरीक्षण करने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। केदारनाथ धाम से सम्बन्धित नोडल अधिकारी पुलिस महानिरीक्षक, साइबर/एसटीएफ उत्तराखण्ड, नीलेश आनन्द भरणें ने जनपद सीमा सहित जवाड़ी से लेकर गौरीकुण्ड तक के रूट, यातायात, पार्किंग सहित पुलिस की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया है।



श्री केदारनाथ धाम पहुंचकर उन्होंने मंदिर परिसर की सुरक्षा सहित पुलिस चौकी भवन में पुलिस की आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर हेलीपैड व मंदिर परिसर तक प्रभावी पुलिस बल नियुक्त करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उन्होने केदारनाथ धाम में यात्रा व्यवस्था तथा बर्फ हटाने के कार्य में लगे प्रशासनिक अधिकारियों तथा मन्दिर सुरक्षा में तैनात आईटीबीपी और पुलिस जवानों से संवाद स्थापित कर वर्तमान में आ रही चुनौतियों की जानकारी ली गयी।

गौरीकुण्ड क्षेत्रान्तर्गत सम्पूर्ण पैदल मार्ग सहित घोडा पड़ाव, शटल सर्विस, तप्त कुण्ड का निरीक्षण कर आवश्यक पुलिस प्रबन्धन करने के निर्देश दिए गए। चौकी गौरीकुण्ड में पुलिस की आवासीय सहित बुनियादी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उपस्थित चौकी प्रभारी को गौरीकुण्ड क्षेत्रान्तर्गत प्रभावी पुलिस प्रबन्धन करने के निर्देश दिये गये। कोतवाली सोनप्रयाग तथा एसडीआरएफ कैम्प पहुंचकर वहां की पुलिस की आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। सीतापुर व सोनप्रयाग स्थित पार्किंग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सुव्यवस्थित ढंग से वाहनों की एंट्री एवं एक्जिट कराये जाने के निर्देश दिये। प्रभारी निरीक्षक से पार्किंग व यातायात व्यवस्थाओं की जानकारी ली गयी।

पुलिस महानिरीक्षक को पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग नीहारिका तोमर ने जनपद की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद मुख्यालय से केदारनाथ धाम तक 3 सुपर जोन, 17 जोन और 47 सेक्टर में विभाजित किया गया है, तथा यातायात प्रबन्धन के लिए 2 सुपर जोन और 4 ट्रैफिक जोन बनाए गए हैं, साथ ही ट्रैफिक हॉक्स भी तैनात किये गये हैं। अतिरिक्त पुलिस बल की डिमांड की गयी है तथा वीवीआईपी ड्यूटी के तुरन्त बाद जनपद का पुलिस बल यात्रा पड़ावों पर ड्यूटीरत किया जा रहा है।

# नंदप्रयाग में रात नौ से सुबह पांच बजे तक बंद रहेगी आवाजाही

चमोली(आरएनएस)। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर नंदप्रयाग के पर्थाडीप भूस्खलन क्षेत्र में रविवार से सुधारीकरण कार्य शुरू किया गया है। इस कार्य से यातायात बाधित न हो इसलिए काम रात के समय किया जाएगा। इसके लिए यहां रात नौ बजे से सुबह पांच बजे तक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। रात के समय वाहन नंदप्रयाग-सैकोट-कोठियालसैंण बाईपास से रवाना होंगे। नंदप्रयाग के पास पर्थाडीप में बदनीनाथ हाईवे पर दो साल से भूस्खलन हो रहा है। इससे यहां वाहनों की आवाजाही में दिक्कतें आती हैं। चारधाम यात्रा को देखते हुए एनएचआईडीसीएल की ओर से हाईवे के करीब 60 मीटर हिस्से पर सुधारीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है। सुधारीकरण कार्य से हाईवे पर यातायात प्रभावित न हो इसलिए रात्रि के समय काम करने का निर्णय लिया गया है। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर रात नौ बजे से सुबह पांच बजे तक वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित कर दिया है। इस दौरान वाहन नंदप्रयाग से सैकोट होते हुए कोठियालसैंण होते हुए आवाजाही करेंगे। रविवार को पुलिस उपाधीक्षक मदन सिंह बिष्ट और यातायात निरीक्षक दिगंबर उनियाल ने वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय बाजारों और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से संवाद किया।

# सम्मेलन में छात्रों ने किया पुराने दिनों को याद

नई टिहरी(आरएनएस)। पीएमश्री अटल उत्कृष्ट शहीद नागेंद्र दत्त सकलानी राजकीय इंटर कॉलेज पुजार गांव सत्यों (सकलाना) में पुरातन छात्र-छात्राओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पालिका मसूरी की अध्यक्ष मीरा सकलानी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने स्कूली दिनों को याद करते हुए कहा कि समय के साथ शिक्षा के स्वरूप और स्तर में काफी बदलाव आया है। प्रधानाचार्य अनिल बिष्ट ने पुरातन छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। शिक्षक मान सिंह लिंगवाल ने विद्यालय के इतिहास और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1972 में स्थापित इस विद्यालय से कई छात्र-छात्राएं आज विभिन्न राजकीय सेवाओं में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी विद्यालय से एनसीईआरटी के निदेशक डॉ. दिनेश सकलानी जैसे प्रतिभाशाली छात्र भी निकले हैं। इस अवसर पर बीडीसी सदस्य गंभीर सिंह नेगी, ग्राम प्रधान सुमति नेगी, ओंकार सिंह नकोटी, अरविंद सकलानी, राकेश उनियाल, कुंदन नेगी, भरत नेगी, ऋषि सेमवाल, बलवीर नकोटी, अतुल रमोला, बबीता ऐठानी, हिमानी रमोला, दक्ष प्रजापति आदि मौजूद रहे। संचालन कमलेश सकलानी ने किया।

# सड़क निर्माण के लिए अनिश्चितकालीन धरने पर डटे ग्रामीण

पौड़ी(आरएनएस)। विकास खंड कीर्तिनगर के ग्राम पंचायत धारपंयाकोटी के अंतर्गत बाग्यों तोक के लिए स्वीकृत 3 किलोमीटर सड़क का निर्माण पांच साल बाद भी अधूरा रहने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग मात्र ढाई किलोमीटर सड़क का निर्माण कर पाया है जबकि शेष मार्ग को अधूरा छोड़ दिया गया है। सड़क निर्माण का काम पूरा करने की मांग के लिए ग्रामीणों का चौरधाल्डा नामी तोक में अनिश्चितकालीन धरना रविवार को भी जारी रहा।ग्रामीणों ने कहा कि इस संबंध में 9 मार्च 2026 को जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल एवं अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, कीर्तिनगर को पत्र भेजकर सड़क निर्माण पूरा करने की मांग की गई थी। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक उनके गांव को सड़क से नहीं जोड़ा जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं हुई तो जल्द धरना क्रमिक अनशन और उसके बाद आमरण अनशन में बदला जाएगा।

# तिनवाल गांव के लोगों ने शादी-समारोह में शराब को किया प्रतिबंधित

नई टिहरी(आरएनएस)। प्रतापनगर के ग्राम पंचायत तिनवाल गांव में ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान कृपाल सिंह राणा की अध्यक्षता में बैठक कर गांव में शादी-समारोह और मांगलिक कार्यक्रमों में शराब को प्रतिबंधित किया है। कहा कि उल्लंघन करने वालों पर 31 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा। तिनवाल गांव के ग्राम प्रधान राणा ने बताया कि ग्रामीणों की सहमति के बाद मांगलिक कार्यक्रमों में शराब को प्रतिबंधित कर दिया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर नशा मुक्ति संघर्ष समिति का गठन भी किया गया है। समिति में मंजू देवी को अध्यक्ष, देवा देवी उपाध्यक्ष, रजनी देवी कोषाध्यक्ष, विनिता देवी को सचिव बनाया गया है। कई लोगों समिति का सदस्य बनाया गया है। इसके बाद गांव का कोई व्यक्ति जबरन मांगलिक कार्य में गांव में शराब पिलाता है, तो उनका सामाजिक बहिष्कार भी किया जाएगा। कहा कि कोई व्यक्ति गांव में शराब पीकर गाली-गलोज करता है, तो नशा मुक्ति समिति कार्रवाई करेंगी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवी सिंह पंवार ने कहा कि शराब के कारण परिवार और समाज में लड़ाई-झगड़े बढ़ रहे हैं जिसका सीधा असर बच्चों पर पड़ रहा है। इस मौके पर दरबार सिंह राणा, यशपाल राणा आदि मौजूद थे।

# वेतन रोकने के निर्णय पर पुनर्विचार करें डीएम'

बागेश्वर(आरएनएस)। उत्तराखंड पूर्व सैनिक संगठन की जिला इकाई की त्रैमासिक बैठक में सैनिक कल्याण अधिकारी समेत अन्य कर्मचारियों के वेतन रोकने के मामले पर चिंता जताई। संगठन ने जिलाधिकारी से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि संबंधित अधिकारी मेडल प्राप्त और ईमानदार हैं, ऐसे में उनके साथ इस प्रकार का निर्णय उचित नहीं है। स्थानीय होटल में बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए पदाधिकारी और पूर्व सैनिक शामिल हुए। यहां सैनिक हितों से जुड़े कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कैंटीन भवन निर्माण की पूर्व घोषणा पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई। इस संबंध में डीएम के माध्यम से शासन से वार्ता का निर्णय लिया। जिला सैनिक परिषद में ऐसे सदस्यों के चयन की मांग उठी, जो पूर्व सैनिकों के हितों को प्रभावी ढंग से उठा सकें। तहसील परिसर स्थित शहीद स्मारक के पास पर्यटन विभाग द्वारा बनाए जा रहे शौचालय के निर्माण में देरी पर भी असंतोष व्यक्त किया। इन सभी मुद्दों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने का निर्णय लियासेना कैंटीन और ईसीएचएस व्यवस्थाओं की समय-समय पर समीक्षा करने तथा कर्मचारियों के स्थानांतरण की व्यवस्था लागू करने पर भी चर्चा हुई, ताकि व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के नवीनीकरण और अतिथि/विश्राम कक्ष की बेहतर व्यवस्था के लिए जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री को पत्र भेजने का भी निर्णय लिया। साथ ही कर्मचारियों के वेतन रोके जाने के मामले में पुनर्विचार के लिए प्रार्थना पत्र भेजने पर सहमति बनी। जिला सैनिक परिषद के सदस्यों का चयन चुनाव के माध्यम से कराने तथा तहसील व ब्लॉक स्तर पर संगठन के पदाधिकारियों की नियुक्ति का प्रस्ताव भी रखा। संगठन की बैठकों के लिए स्थायी मीटिंग हॉल उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई। अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष कैप्टन भूपेश दफौटी ने की, जबकि संचालन महासचिव रमेश भंडारी ने किया। इस अवसर पर दर्वान सिंह हरड़िया, तहरीश मेहरा, किशन ठठोला, कुंदन नगरकोटी, भूपेंद्र गड़िया, ललित मोहन, माधव सिंह, सुंदर बिष्ट, जसवंत सिंह हरड़िया सहित कई पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## बड़कोट में गैस सिलिंडर के लिए रातभर लगी रही लाइन

उत्तरकाशी(आरएनएस)। नगर क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत लगातार बढ़ रही है। शनिवार को गैस मिलने की उम्मीद में बड़ी संख्या में उपभोक्ता रामलीला मैदान में लाइन लगाकर इंतजार करते रहे लेकिन आपूर्ति नहीं हो सकी। कई लोग पूरी रात कतार में खड़े रहे और रविवार सुबह तक भी लाइन लगी रही। गैस गाड़ी तो पहुंची लेकिन इसके बाद भी कई उपभोक्ता खाली हाथ लौटे। बड़कोट में भारत गैस की एक गाड़ी पहुंची लेकिन भारी भीड़ के चलते अधिकांश उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल सकी। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि स्थिति को संभालने के लिए पुलिस बल की मौजूदगी में गैस वितरण कराया गया। वहीं, इंडेन गैस की गाड़ी न पहुंचने से लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। बीते कई दिनों से इंडेन गैस की गाड़ी बड़कोट नहीं पहुंचने से उपभोक्ता परेशान हैं। गैस संकट का असर स्थानीय होटल और ढाबा संचालकों पर भी साफ दिख रहा है जिनका कामकाज लगभग ठप पड़ गया है। वहीं, आम लोगों के सामने रोजमर्रा के भोजन की समस्या खड़ी हो गई है। व्यापार मंडल के जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह रावत, नगर महामंत्री सोहन गैरोला सहित नागरिकों ने प्रशासन से जल्द गैस आपूर्ति सुचारू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि अकेले यमुनोत्री धाम के प्रमुख पड़ाव नगर पालिका बड़कोट में अभी तक आधा दर्जन होटल ढाबे सिलिंडर नहीं मिलने से बंद हो गए हैं जिससे कई परिवारों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है।

# रसोई गैस सिलिंडर नहीं पहुंचने से यात्रा रूट के व्यापारी चिंतित

उत्तरकाशी(आरएनएस)। यमुनोत्री यात्रा रूट पर खरादी से जानकीचट्टी खरसाली तक रसोई गैस की आपूर्ति ठप होने के कारण यात्रा को लेकर व्यवसायियों में संशय की स्थिति बनी है। होटल व्यवसायियों का कहना है कि इस वर्ष बहुत ही कम संख्या में बुकिंग आई है लेकिन अगर यात्री आते भी हैं तो उनके भोजन व्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती है। यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर बड़कोट से आगे जानकीचट्टी तक के प्रमुख पड़ाव राजतर, खरादी, कुथनौर, स्यानाचट्टी, राना चट्टी, हनुमानचट्टी और जानकीचट्टी में रसोई गैस की आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ताओं की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। गैस न पहुंचने के कारण स्थानीय लोग लंबे समय से संकट झेल रहे हैं। यात्रा के लिए महज दिन ही शेष बचे हैं लेकिन गैस न मिलने के कारण यात्रा मार्ग पर अभी तक सभी होटल-ढाबे बंद पड़े हैं। खरसाली गांव निवासी जयेन्द्र तोमर, खरादी व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामराज चौहान का कहना है कि गैस की किल्लत से क्षेत्र में हर किसी को जूझना पड़ रहा है।

# ब्लॉक आंदोलन को मिला उक्रांद का समर्थन

बागेश्वर(आरएनएस)। कांडा को पृथक ब्लॉक बनाए जाने की मांग को लेकर विकासखंड संघर्ष समिति के बैनर तले चल रहा क्रमिक अनशन 21वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन को उत्तराखंड क्रांति दल का भी समर्थन मिला। वहीं कालिका मंदिर सहित अन्य मंदिरों के पुजारी भी तपस्या पर बैठे हैं। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से ब्लॉक गठन का लिखित आश्वासन नहीं दिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। भुवनचंद्र पंत की अध्यक्षता में कांडा कालिका मंदिर में बैठक हुई। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय कोषाध्यक्ष वरुण चंदोला, जिला महामंत्री मनोज चौहान और केंद्रीय सदस्य राहुल मिश्रा ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर समर्थन दिया। इसमें संघर्ष समिति के अध्यक्ष गोविंद सिंह भंडारी के नेतृत्व में लोग एकजुट हुए। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1956 से कांडा को ब्लॉक बनाए जाने की मांग लगातार की जा रही है। पहले यहां ब्लॉक मुख्यालय संचालित होता था, जिसे बाद में बागेश्वर मुख्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे क्षेत्र की उपेक्षा हुई। उन्होंने कहा कि कांडा, कमस्यार और दुगनाकुरी क्षेत्र के सुदूर गांवों के लोगों को मुख्यालय पहुंचने में समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है।

# भटवाड़ी चढ़ेती में सड़क का चौड़ीकरण पूरा करें : एडीएम

उत्तरकाशी(आरएनएस)। जिला प्रशासन चारधाम यात्रा की अंतिम तैयारियों में जुटा हुआ है। एडीएम मुक्ता मिश्र ने वर्चुअल अधिकारियों की बैठक लेकर विभागवार तैयारी की समीक्षा की।

एडीएम ने गंगोत्री में ट्रांसफर लगाने का कार्य, विद्युत पोल को ठीक करने और पेड़ों की लॉपिंग का कार्य 15 अप्रैल तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं बीआरओ को क्षतिग्रस्त सड़क भटवाड़ी चढ़ेती में सड़क का चौड़ीकरण सोमवार तक पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि लिमच्यागाड़ में सड़क चौड़ीकरण यात्रा से पहले पूरा करें। साथ ही डबरानी और काली पहाड़ी के पास सड़क समतलीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वैकल्पिक मार्ग मंडी-स्यासु पुल को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बैठक में ईई जल संस्थान ने बताया कि चारधाम यात्रा मार्ग पर 12 वाटर एटीएम, 86 हैंडपंप व गंगोत्री धाम में पानी की आपूर्ति चालू कर दी गई है।

एडीएम ने जीपीएस लोकेशन के साथ सूची उपलब्ध कराने व क्लोरीनेशन के कार्य भी कराने के निर्देश दिए। वहीं सुलभ शौचालय 118 सीट अस्थायी व 282 सीट स्थायी शौचालय है जो 32 स्थानों पर है। हर लोकेशन में पर्यावरण मित्र तैनात किए गए हैं। कुल 62 पर्यावरण मित्र तैनात किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 17 अप्रैल तक चैक पोस्ट पर स्वास्थ्य टीमें तैनात कर दी जाएगी। डॉक्टरों की तैनाती के लिए रोस्टर जारी कर दिया गया। यात्रा के लिए एम्बुलेंस की तैनाती कर दी गई है। बैठक में सीएमओ डॉ. बीएस रावत, एसडीएम देवानंद शर्मा, शालिनी नेगी, कमांडर बीआरओ राज किशोर, ईई मनोज गुसाईं, सचिन सिंघल, एलसी रमोला, एआरटीओ रत्नाकर सिंह, डिटीडीओ केके जोशी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दुल गुसाईं आदि वर्चुअली जुड़े।

# 20 हजार लोगों के मानवाधिकार हनन पर कार्यवाही के आदेश

हमारे संवाददाता

काशीपुर। बहुचर्चित आई लव मौहम्मद मार्च प्रकरण के बाद काशीपुर के अल्लीखां, थानासाबिक क्षेत्र में 20 हजार लोगों के अवैध उत्पीड़न एवं मानवाधिकार हनन तथा मूल अधिकार हनन की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कार्यवाही के आदेश दिये हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शिकायत की प्रति उधमसिंह नगर जिले के डी.एम. व एस.एस.पी. को भेजकर इस पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने तथा कार्यवाही की रिपोर्ट 4 सप्ताह के भीतर आयोग को प्रस्तुत करने के आदेश दिये हैं।

काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता व समाजसेवी नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने अल्लीखां, थानासाबिक क्षेत्र के मानवाधिकार हनन, अवैध उत्पीड़न व मूल अधिकार हनन की राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी थी। इस पर कार्यवाही के सम्बन्ध में श्री नदीम को मैसेज व ई.मेल द्वारा सूचित किया गया है तथा डी.एम. व एस.एस.पी. को भेजे मेल की प्रति उपलब्ध करायी गयी है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के डिप्टी रजिस्ट्रार (लॉ) स्पर्श अग्रवाल द्वारा जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंह नगर को भेजे मेल दिनांक 09-04-2026 के अनुसार शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट किया है कि "आई लव मौहम्मद" पोस्टरों के साथ बच्चों के मार्च को गलत तरीके से एक पुलिस हमले की घटना से जोड़ कर अल्लीखान, थाना सबिक क्षेत्र, काशीपुर (उत्तराखंड) के 20,000 निवासियों को गैरकानूनी रूप से घरों में नजरबंद कर दिया गया है। निर्दोष बच्चों, दुकानदारों और राहगीरों को अवैध रूप से हिरासत में लिया जा रहा है, पीटा जा रहा है और उन्हें कानूनी सहायता से वंचित किया जा रहा है, जबकि उनके परिजनों को भी उठाया जा रहा है। एक अघोषित कर्फ्यू, पुलिस उत्पीड़न और नगर निगम द्वारा की जा रही तोड़फोड़ ने स्थिति को अमानवीय बना दिया है।

**❑डीएम, एसएसपी को 4 सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा, सूचना अधिकार कार्यकर्ता व समाज सेवी ने की थी जनहित में शिकायत**

नदीम ने 26 सितम्बर 2025 को दर्ज शिकायत में अवगत कराया था कि बासंफोड़ान पुलिस चौकी के पास हुई तथाकथित शर्मनाक घटना के वीडियो वायरल होने के बाद रात 11 बजे से अल्लीखां व थाना साबिक क्षेत्र को बंद करा दिया गया तथा यहां की लगभग 20 हजार जनता को घरों में बंदी जैसा बना दिया गया तथा यह सिलसिला शिकायत की तिथि तक जारी था। रात 11 बजे से ही एक राजनैतिक दल के पोस्टर व फ्लैक्सी में लगे फोटो के आधार पर लोगों को घरों से उठाकर ले जाना शुरू कर दिया गया। फिर सी.सी.टी.वी. फुटेज के आधार पर आई लव मौहम्मद मार्च में शामिल बच्चों तथा मार्च के बाद अपने घर जा रहे बच्चों, उन्हें देखने आये अन्य व्यक्तियों तथा राहीगीरों यहां तक दुकानदारों तथा उनके दुकान पर मौजूद ग्राहकों को मार्च में शामिल बताकर थाने व पुलिस चौकियों पर ले जाया गया तथा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के अनुसार उनकी अवैध रूप से जमकर पिटाई की गयी। इस मामले को तूल देते हुये दरोगा की पिटाई की घटना के लिये लोगों पर इल्जाम लगाते हुये पूरे अल्ली खां, व थानासाबिक क्षेत्र को टारगेट करते हुय थाना साबिक चुंगी से लेकर अल्ली खां, चौराहे तक के काशीपुर के यातायात के प्रमुख मार्ग अल्लीखां, मार्ग को बैरिकैट लगाकर बंद करके पुलिस के जवानों को बैठा दिया गया तथा दुकानों को बंद करा दिया गया। रात को 7 बजे से सुबह 7 बजे तक अघोषित कर्फ्यू लगा दिया गया दुकानों तथा लोगों को घरों से बाहर आने पर पाबंदी लगा दी गयी थी। इसके साथ इस क्षेत्र के घरों की जांच दस बारह लोगों की टीम घर-घर जाकर करायी गयी तथा बिजली के स्मार्ट मीटर लगाये गये तथा राशन कार्डों आदि की भी जांच करायी गयी है।

## घर के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जमनपुर निवासी मौहम्मद साकिब ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**वैधानिक सूचना**

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# यमुनोत्री धाम यात्राः पुलिस महानिरीक्षक द्वारा किया गया निरीक्षण



संवाददाता

उत्तरकाशी। पुलिस महानिरीक्षक/नोडल अधिकारी आन्त शंकर ताकवाले ने यमुनात्री धाम यात्रा मार्ग कर स्थलीय निरीक्षण जरूरी दिशा निर्देश दिये।

आज यहां यमुनोत्री धाम यात्रा के नोडल अधिकारी/पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण, अनन्त शंकर ताकवाले द्वारा यमुनोत्री यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर यात्रा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा डामटा, बड़कोट, पालीगाड़, डाबरकोट से होते हुए जानकीचट्टी एवं यमुनोत्री धाम तक समस्त व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों का भौतिक निरीक्षण किया गया। साथ ही, भू-स्खलन एवं लैंडस्लाइड संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर वहां अपनाए गए सुरक्षात्मक उपायों का आकलन किया गया।

यात्रा मार्ग एवं धाम पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने तथा घाटों पर फायर सर्विस, एसडीआरएफ एवं क्यूआरटी टीमों की नियुक्ति के निर्देश दिए गए। भू-स्खलन संभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में दोनों ओर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश भी दिए गए। यात्रा के दौरान आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु धाम, प्रमुख पड़ावों, स्थलों एवं पार्किंग क्षेत्रों में सीसीटीवी के माध्यम से सतत निगरानी रखने तथा बाहरी व्यक्तियों/संदिग्धों का शत-प्रतिशत पुलिस सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, बाहर से आने वाले प्रत्येक वाहन चालक का विवरण सुरक्षित रखने हेतु निर्देशित किया गया। जानकीचट्टी से यमुनोत्री धाम तक लगभग 5-6 किमी के पैदल मार्ग पर यात्रियों की सुगमता सुनिश्चित करने, घोड़ा-खच्चर एवं डंडी-कंडी के लिए रोटेशन प्रणाली लागू करने, भीड़ प्रबंधन तथा यात्रा का दबाव बढ़ने की स्थिति में वैकल्पिक मार्ग की रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा घोड़ा-खच्चर एवं डंडी-कंडी के पंजीकरण संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। पैदल मार्ग पर संचालित घोड़ा-खच्चरों के मल-निस्तारण हेतु ष्हॉर्स पॉपष योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। यात्रा मार्ग पर कूड़ा-निस्तारण के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने हेतु संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, ढलानदार एवं फिसलन वाले स्थानों पर नियमित सफाई को अत्यंत आवश्यक बताया गया। विभिन्न पर्यटन पुलिस चौकियों, बैरियरों एवं पंजीकरण केंद्रों पर तैनात पुलिस बल हेतु खाद्यान्न, अलाव एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा कराने के निर्देश दिए गए। यातायात का दबाव अधिक होने की स्थिति में जानकीचट्टी से पूर्व फूलचट्टी एवं राणाचट्टी जैसे चिन्हित होल्डिंग क्षेत्रों में वाहनों को अस्थायी रूप से रोके जाने के निर्देश दिए गए। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं कतारबद्ध तरीके से दर्शन कराने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा की दृष्टि से जानकीचट्टी से पैदल मार्ग पर सायंकाल निर्धारित समय के पश्चात यात्रियों को यमुनोत्री मंदिर की ओर न भेजने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक बड़कोट चंचल शर्मा, प्रभारी निरीक्षक बड़कोट सुभाष चंद्र, उप निरीक्षक यातायात बड़कोट विरेन्द्र पंवार, सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# केदारनाथ यात्राः तैयारियों का जायजा लेने धाम पहुंचे डीएम व एसपी



हमारे संवाददाता

रूद्रप्रयाग। आगामी 22 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रही श्री केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी विशाल मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने जिला एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ केदारनाथ धाम पहुंचकर विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया और प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि यात्रा शुरू होने से पूर्व धाम में सभी मूलभूत सुविधाएं हर हाल में पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने पैदल मार्ग पर भी निरीक्षण करते हुए यात्री सुविधाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि केदारनाथ धाम में वर्तमान समय में भारी मात्रा में बर्फ जमी हुई है। कई स्थानों पर 4 से 5 फीट तक बर्फ मौजूद है, जिसे हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। धाम क्षेत्र में 60 से अधिक श्रमिक एवं ट्रैक रूट पर 70 से 75 मजदूर तैनात किए गए हैं। पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जल्द ही पूरे ट्रेक रूट का पुनर्निर्माण पूर्ण हो जाएगा। पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने बताया कि चारधाम यात्रा को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई।

उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। साथ ही आईटीबीपी के जवानों की तैनाती के साथ अतिरिक्त सुरक्षा बल भी लगाया जाएगा। आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सुरक्षा की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि यात्रा का संचालन सफलतापूर्वक और व्यवस्थित ढंग से किया जा सके।

## भगवान राम के रोल में रणबीर कपूर का फर्स्ट लुक आउट, रावण के किरदार में दमदार दिखे यश

रामायण पार्ट 1 टीजर और फर्स्ट लुक आउट- रणबीर कपूर, साई पल्लवी, यश, सनी देओल और रवि दुबे स्टारर फिल्म रामायण पार्ट 1 का टीजर हनुमान जयंती के मौके पर रिलीज हो गया है. टीजर में रणबीर कपूर की पहली झलक सामने आ चुकी है और फिल्म के बाकी कलाकारों की भी झलक देखने को मिल रही है. फिल्म के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने आज सुबह-सुबह अपने ड्रीम प्रोजेक्ट रामायण पार्ट 1 का टीजर जारी किया है. इस फिल्म का निर्देशन दंगल के डायरेक्टर नितेश तिवारी ने किया है. चलिए देखते हैं कैसा है रामायण पार्ट 1 का टीजर और इनके माइथोलॉजी किरदार के फर्स्ट लुक. 2.38 मिनट के टीजर की शुरुआत रावण की जलती हुई लंका से शुरू होती है, जिसके ऊपर आसमान से चील-कौए मंडरा रहे हैं. इसके बाद रणबीर कपूर भवगान राम के किरदार में आसमान से नीचे गिरते हुए दिखते हैं, जिन्हें लंका एक दानव मारने को कूदता है. इसके बाद गेरूआ रंग के आसमान के बीच पहाड़ पर खड़े रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में हाथ में धनुष-बाण लिए नजर आते हैं.

फिर रणबीर कपूर को बतौर भगवान राम अपने राजमहल में जाते हुए देखा जा रहा है. अगले ही सीन में वह एक राक्षस से लड़ते नजर आते हैं. फिर रणबीर धनुष उठाकर अपने चेहरा ही दिखाते ही हैं कि अगले ही सीन में वह पहाड़ में एक झरने के बीच हाथ जोड़े दिखते हैं. वहीं, अगले सीन में आप देखेंगे कि रणबीर कपूर बतौर राम अपनी पत्न सीता (साई पल्लवी) और छोटे भाई लक्ष्मण (रवि दुबे) के साथ राजमहल में चलते नजर आते हैं. इसके बाद रणबीर कपूर का भगवान राम का फर्स्ट लुक सामने आता है. रणबीर कपूर भगवान राम के रोल में बेहद शानदार दिख रहे हैं.

इसके बाद रणबीर कपूर एक बड़े से दानव से जंगल में लड़ते नजर आते हैं. इसके बाद रणबीर कपूर को तलवारबाजी भी करते देखा जा रहा है. फिर अगले ही सीन में रवि दुबे बतौर लक्ष्मण और साई पल्लवी बतौर सीता मां देखा जा रहा है. टीजर के आखिरी में लंका नजर आती है और उस लंका में यश बतौर लंकेश्वर रावण के भेष में चलते दिख रहे हैं. इस सीन में यश का चेहरा तो नहीं दिखाया है, लेकिन उनका लुक बताता है कि वह बतौर रावम बहुत गदर मचाने वाले हैं. बता दें, फिल्म में सनी देओल बतौर हनुमान के रोल में नजर आएंगे, लेकिन आज उनका फर्स्ट लुक सामने नहीं आया है. 4000 करोड़ रुपये के बजट में तैयार हो रहे रामायण प्रोजेक्ट का पहला पार्ट 2026 के दिवाली के मौके पर रिलीज होगा. प्राइम फोकस स्टूडियोज द्वारा निर्मित यह फिल्म, आठ बार के एकेडमी अवॉर्ड विजेता प्रोडक्शन और विजुअल इफेक्ट्स स्टूडियो डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के सहयोग से बनाई गई है.


## स्पिरिट से सामने आया विवेक ओबेरॉय का लुक!

फिल्म के इस पोस्ट को शेयर करते हुए विवेक ओबेरॉय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, एक रहस्य जो परछाइयों में दबा है और ऐसी आंखें जो सबसे गहरे राज याद रखती हैं।' बता दें इस फिल्म में विवेक विलेन के रोल में नजर आएंगे। विवेक के अलावा मेकर्स ने एक नई एक्ट्रेस को भी इसी पोस्टर से इंट्रोड्यूस किया है। इस एक्ट्रेस का नाम है ऐश्वर्या देसाई, जो इस फिल्म में अहम किरदार निभाती नजर आएंगी। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित इस फिल्म में प्रभास के अपोजिट तृप्ति डिमरी नजर आएंगी। फिल्म अगले साल 5 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म स्पिरिट' का जो पोस्टर साझा किया गया है, उसमें उनका लुक काफी हटकर है। वह नेगेटिव रोल की पूरी वाइब दे रहे हैं। वहीं ऐश्वर्या देसाई भी विवेक का साथ देती हुई फिल्म में नजर आएंगी। दोनों के किरदारों को देखकर लगता है कि फिल्म स्पिरिट' की कहानी दिलचस्प होने वाली है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म स्पिरिट' में प्रभास लीड रोल में नजर आएंगे, उनके अपोजिट तृप्ति डिमरी होंगी। फिल्म में प्रकाश राज भी एक अहम किरदार में नजर आएंगे। यह फिल्म पैन इंडिया रिलीज होगी, इसे 8 भाषाओं में मेकर्स रिलीज करेंगे। फिल्म को टी सीरीज फिल्म्स और भद्रकाली पिक्चर्स प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म को संदीप रेड्डी वांगा ने लिखा, एडिट और डायरेक्ट किया है।

## जन नायकन का खत्म होगा इंतजार?

थलापति विजय की फिल्म जन नायकन को लंबे समय से रुकावटों का सामना करना पड़ा रहा है। 9 जनवरी को पोंगल के मौके पर इसे रिलीज किया जाना था, लेकिन सेंसर प्रक्रिया में उलझने के कारण ऐसा नहीं हुआ। मामले ने इस कदर तूल पकड़ा कि निर्माताओं को मद्रास हाई कोर्ट का रुख करना पड़ा। लंबे समय से जन नायकन पर चल रही खींचातानी शायद खत्म होने को है। इसकी रिलीज पर ताजा अपडेट आया है। सीबीएफसी द्वारा जन नायकन में कुछ आपत्तियां जताने के बाद इसे दोबारा रिव्यू के लिए समीक्षा समिति को भेजा गया था। फिल्मीबीट की एक रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि फिल्म से जुड़े मुद्दे सुलझ गए हैं। यह अप्रैल के आखिरी हफ्ते में रिलीज सकती है। रिलीज के लिए 24 अप्रैल या 30 अप्रैल की तारीखों पर विचार चल रहा हैं। इस अपडेट से फैंस खुश हैं जो फिल्म रिलीज की कब से राह तक रहे थे। अभिनेता से राजनेता बन चुके थलापति ने आधिकारिक तौर पर ऐलान कर दिया है कि जन नायकन उनकी आखिरी फिल्म है। यही कारण है कि फैंस इससे भावनात्मक तौर पर काफी जुड़े हैं। फिलहाल निर्माताओं की ओर से रिलीज पर आधिकारिक ऐलान होने के बाद ही सबकुछ स्पष्ट होगा। थलापति की जन नायकन एच. विनोद द्वारा निर्देशित और केवीएन प्रोडक्शन द्वारा निर्मित है। इसमें पूजा हेगड़े, बॉबी देओल, प्रकाश राज, ममिता बैजू, गौतम वासुदेव और नारायण जैसे सितारे हैं।

# सौम्या टंडन ने ग्रीन गाउन में बिखेरा जलवा



एक्ट्रेस सौम्या टंडन एक बार फिर अपने स्टाइल और ग्लैमरस अंदाज को लेकर चर्चा में आ गई हैं. हाल ही में वो अपनी फिल्म धुरंधर 2 में रहमान डकैत की पत्नी उल्फत के किरदार में नजर आई थी, जिसमें उनकी खूब तारीफ हुई. इसी बीच सोशल मीडिया पर उनकी नई तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें उनका एलिगेंट और कॉन्फिडेंट लुक देखने को मिल रहा है. फैंस उनकी इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट्स में उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे.

इन फोटोज में सौम्या ने डार्क ग्रीन रंग का खूबसूरत गाउन पहना है. गाउन का डिजाइन बहुत यूनिक है, जो उनके लुक को अलग और खास बना रहा है.

उनकी ड्रेस का वन-शोल्डर पैटर्न और डिजाइन उनके लुक को बोल्ड और मॉडर्न बना रहा है. यह स्टाइल उनके फिगर को भी खूबसूरती से हाइलाइट कर रहा है.

सौम्या ने अपने बालों को साइड पार्टिंग के साथ खुला रखा है, जिसमें हल्के वेव्स दिए गए हैं. यह हेयरस्टाइल उनके चेहरे पर बहुत सॉफ्ट और क्लासी लुक दे रहा है.उन्होंने अपने लुक को स्टाइलिश ईयररिंग्स और रिंग्स के साथ इसे बैलेंस किया है. उनकी ज्वेलरी सिंपल होते हुए भी काफी एलिगेंट लग रही है और उनके ग्लैम को बढ़ा रही है.

मेकअप की बात करें तो उन्होंने सॉफ्ट आई मेकअप, हल्का ब्लश और ग्लॉसी लिप्स रखा हैं. उनका यह मेकअप उन्हें बहुत फ्रेश और नेचुरल ग्लो दे रहा है.

कॉन्फिडेंट और ग्रेसफुल है, जिसे आप किसी भी फंक्शन में आसानी से पहन सकते है.

ग्लैमर का शानदार मेल है. न ज्यादा हैवी और न ज्यादा सिंपल, हर चीज बैलेंस है, जो उन्हें अट्रैक्टिव बना रही है.

# सलमान की हीरोइन बनी साउथ की सुपरस्टार नयनतारा



बॉलीवुड के सुल्तान सलमान खान और साउथ की लेडी सुपरस्टार नयनतारा की जोड़ी को लेकर चल रही चर्चाओं पर आखिरकार मुहर लग गई है। नयनतारा अब साउथ के मशहूर निर्देशक वामशी पेडिपल्ली के निर्देशन में बनने वाली आगामी एक्शन-ड्रामा फिल्म में सलमान के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। जवान की अपार सफलता के बाद अब नयनतारा सलमान के साथ मिलकर बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने के लिए तैयार हैं।

निर्माताओं के साथ-साथ खुद नयनतारा ने सोशल मीडिया पर ये ऐलान कर दिया है, जिससे उनके प्रशंसक फूले नहीं समा रहे हैं। सलमान और नयनतारा, अब पहली बार एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं, जो दर्शकों के लिए एक बिल्कुल नया और रोमांचक अनुभव लेकर आएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस जोरदार एक्शन-ड्रामा की शूटिंग अप्रैल के मध्य से शुरू होने जा रही है। निर्माता इसे साल 2027 की सबसे बड़ी रिलीज बनाने की तैयारी में हैं।

महर्षि और वारिसु जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के लिए मशहूर निर्देशक वामशी अपने सिग्नेचर स्टाइल यानी बड़े पैमाने के इमोशन और स्केल को इस फिल्म में लाने के लिए तैयार हैं। एक अनुभवी फिल्म निर्माता दिल राजू और निर्देशक की जोड़ी, लीड रोल में सलमान जैसे सुपरस्टार और अब नयनतारा के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद यकीनन सिनेमाघरों में तालियों और सीटियों का शोर थमने का नाम नहीं लेगा।

खबर है कि निर्देशक वामशी इस फिल्म में सलमान को एक बिल्कुल नए अवतार और अनोखे लुक में पेश करने की तैयारी कर रहे हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा। बताया जा रहा है कि फिल्म की स्क्रिप्ट और इसके भव्य स्तर ने सलमान को पहली ही बार में रोमांचित कर दिया। फिल्म का कॉन्सेप्ट इतना जबरदस्त और अलग है कि उन्होंने इसे सुनते ही तुरंत अपनी रजामंदी दे दी।

नयनतारा ने साल 2023 में शाहरुख खान अभिनीत जवान के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। अपनी पहली ही हिंदी फिल्म में एक दमदार पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाकर नयनतारा ने साबित कर दिया था कि वे बॉलीवुड की बड़ी हीरोइनों को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार हैं। शाहरुख के बाद अब सलमान संग स्क्रीन शेयर करना नयनतारा के करियर के लिए एक और बड़ी उपलब्धि है।

# लच्छीवाला नेचर पार्क में बच्चों ने सीखा प्रकृति का पाठ

ऋषिकेश (आरएनएस)। समर फेस्ट कार्निवल के अंतर्गत लच्छीवाला रेंज और गोयल एजुकेशनल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों के लिए फील्ड एंड फन डे का सफल आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को प्रकृति के करीब लाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। लच्छीवाला नेचर पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास देहरादून के विद्यार्थियों ने पार्क भ्रमण कर सीख और आनंद से भरा दिन बिताया। दिनभर चले आयोजन में बच्चों ने प्रकृति के बीच शैक्षणिक और मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने रंगों के माध्यम से अपनी सोच और संवेदनशीलता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। भारतीय वन्यजीव संस्थान के युवा विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में बच्चों को वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व की जानकारी दी गई। इससे बच्चों के मन में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संरक्षण की भावना और प्रबल हुई।गोयल एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक सचिन गोयल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को प्रकृति से सीधे जोड़ते हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा दिखाते हैं। लच्छीवाला रेंजर मेधावी कृतिका ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना बेहद जरूरी है। मौके पर अंकित सिंह, सीमा मिश्रा, रश्मि सैनी, इलतमश आदि उपस्थित रहे।

# स्थानीय उत्पादों को पैकेजिंग के माध्यम से बनाएं मूल्यवान'

बागेश्वर (आरएनएस)। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लखनी में ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में भोर फाउंडेशन ने उत्तराखंड काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में खेती उत्पादों के मूल्य वर्धन विषय पर कार्यशाला हुई। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर डॉ. किशन सिंह राणा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि स्थानीय कृषि उत्पादों को प्रसंस्करण और उचित पैकेजिंग के माध्यम से अधिक मूल्यवान बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि फल, सब्जियों और अनाज से जैम, अचार, जूस आदि उत्पाद तैयार कर न केवल आय बढ़ाई जा सकती है, बल्कि घरेलू स्तर पर स्वरोजगार के अवसर भी विकसित किए जा सकते हैं। इस दौरान ब्रांडिंग, बाजार तक पहुंच और सरकारी योजनाओं से लाभ लेने जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। प्रतिभागी महिलाओं ने कार्यशाला को उपयोगी बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता जताई। डॉ. गार्गी शुक्ला ने कहा कि इस तरह की पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे।

## सू- दोकू क्र.100

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 99 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# 1239 लोगों ने उठाया निशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ

ऋषिकेश (आरएनएस)। श्री भरत मंदिर में ब्रह्मलीन महंत अशोक प्रपन्नाचार्य महाराज की स्मृति में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 1239 लोगों का स्वास्थ्य जांचा गया। झंडा चौक स्थित श्री भरत मंदिर में आयोजित चिकित्सा शिविर का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, एम्स निदेशक प्रो. मीनू सिंह और महंत वत्सल प्रपनाचार्य महाराज ने किया।

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि इस प्रकार के शिविर क्षेत्रवासियों के लिए लाभ दायक होते हैं। इसके जरिए जरूरतमंद लोग बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आसानी से उठा पाते हैं। एम्स निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि शिविर में अल्ट्रासाउंड, एक्स रे, निशुल्क रक्त जांच के अलावा निशुल्क दवा वितरण जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें लोगों को उनके ही क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है, जो सराहनीय है। श्री भरत मंदिर के महंत वत्सल प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि बीते कुछ वर्षों से लगातार यह शिविर ब्रह्मलीन महंत अशोक प्रपन्नाचार्य महाराज की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। ताकि क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिल सके।

शिविर में हर्षवर्धन शर्मा, जयराम आश्रम के अध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, वरुण शर्मा, मेयर शंभू पासवान, पूर्व पालिकाध्यक्ष दीप शर्मा, विनय उनियाल, बचन पोखरियाल, अशोक अग्रवाल, जयेन्द्र रमोला, मनोरंजन देवरानी, राकेश मियां, अशोक रस्तोगी, राजेंद्र बिष्ट, प्रधानाचार्य केएल दीक्षित, यमुना प्रसाद त्रिपाठी, सुरेंद्र भट्ट, लखविंदर सिंह, गोविंद सिंह रावत, जयकृत रावत, संजीव कुमार, विकास नेगी, रचित अग्रवाल, अमित चटर्जी, रंजन अंथवाल, दीपक भारद्वाज, प्रवीन रावत, विवेक शर्मा, विजय बिष्ट, खुमेंद्र आदि उपस्थित रहेइन चिकित्सकों ने दी सेवाएंशिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. वरुण कुमार, डॉ. अर्पित गुप्ता, फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ. राखी खंडूरी, डॉ. सुशांत खंडूरी, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीता पुरी, डॉ. कंवलदीप सिंह, डॉ. मलिक, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष सेन, डॉ. अंशुमन, डॉ. रंग, ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ. डीपी रतूड़ी, डॉ. हारुन, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. मदिवालेश छवि, डॉ. सरथ कुमार और डॉ. विपुल नौटियाल, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रज्ञा पांडा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. यूपी गुप्ता, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. हरीश द्विवेदी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गीतिका द्विवेदी, डॉ. लतिका चावला, डॉ. पूजा, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. अश्वनी कंडारी, जनरल फिजिशियन डॉ. ऋचा रतूड़ी, डॉ. अमित अग्रवाल, छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश, सर्जन डॉ. मधुर उनियाल, डॉ. दीपिका हिंदुजा, दंत रोग विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं।

## सड़क पर निर्माण सामग्री रखने पर ठेकेदार का 10 हजार का चालान

अल्मोड़ा (आरएनएस)। जनसुविधा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार, 12 अप्रैल 2026 को धारानौला क्षेत्र में पुलिस ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान सड़क पर निर्माण सामग्री रखकर मार्ग बाधित करने वाले ठेकेदार पर जुर्माना लगाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोडके के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा योगेश चंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में चौकी प्रभारी धारानौला आनंद बल्लभ कश्मीर ने पुलिस टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान तल्ला दन्या निवासी ठेकेदार सिराजुद्दीन द्वारा सड़क पर निर्माण सामग्री रखे जाने से आवागमन बाधित हो रहा था और दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ठेकेदार के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर 10 हजार रुपये का चालान किया। साथ ही सड़क से निर्माण सामग्री हटवाकर मार्ग को सुचारू कराया गया। पुलिस ने संबंधित व्यक्ति को भविष्य में सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी है और स्पष्ट किया है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## गाड़ोवाली ग्राम में सात सड़कों के निर्माण कार्य का स्वामी यतीश्वरानंद ने किया शुभारंभ

हरिद्वार (आरएनएस)। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद ने हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गाडोवाली में बनने वाली सात सड़कों का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयास से आज हर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के लिए कार्य हो रहे हैं। ग्रामों के जनसंपर्क मार्ग हों या खेतों की सड़कें, सभी को पक्का कराने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान, सदस्य सोहनवीर पाल, बालम सिंह नेगी, आशु चौधरी, नफीस, इरफान, राजेश वर्मा, रमेश प्रधान, चंदकिरण, मास्टर धर्मेंद्र चौहान, शौकीन, इरफान, तौसीफ आदि मौजूद रहे।

## केदार मार्ग पर पालिका की इमारत हुई जर्जर, खतरे के साए में लोग

उत्तरकाशी (आरएनएस)। केदार मार्ग स्थित नगर पालिका गेस्ट हाउस की इमारत जर्जर हालत में पहुंच गई है और कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका है। वहां पर आसपास लगातार चल रहे प्राइवेट जनरेटर के कारण भवन की नींव कमजोर हो गई है जिससे इमारत का पिछला हिस्सा पूरी तरह धंस गया है। साथ ही सीवर लाइन भी लंबे समय से ध्वस्त पड़ी है जिससे गंदा पानी भवन की तलहटी पर एकत्रित होने से धंसाव तेजी से हो रहा है। केदार मार्ग में नगर पालिका के गेस्ट हाउस से सटे शौचालय के ऊपर काफी समय पहले से एक निजी संस्था का जनरेटर लगाया गया है। जनरेटर से होने वाले लगातार कंपन के कारण उसी हिस्से में भवन की नींव हिल रही है और इमारत नीचे की ओर आधी धंस चुकी है। स्थिति यह है कि हल्के भूकंप के झटकों के दौरान पूरी बिल्डिंग डोलने लगती है जिससे वहां रह रहे लोग दहशत में हैं। स्थानीय निवासी अभिषेक, जय प्रकाश का कहना है कि यदि जल्द ही जनरेटर को वहां से नहीं हटाया गया तो इमारत कभी भी धराशाही हो सकती है और बड़ा नुकसान हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जनरेटर को वहां से तत्काल हटाया जाए और भवन की आवश्यक मरम्मत कराई जाए।

# पर्वतारोहियों के लिए एक सप्ताह में खुल जाएगा गोमुख ट्रैक

उत्तरकाशी (आरएनएस)। गंगोत्री नेशनल पार्क के अधिकारियों और गढ़वाल हिमालय ट्रैकिंग एंड माउंटेनियरिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गोमुख ट्रैक का स्थलीय निरीक्षण किया। करीब 11 किमी के पैदल ट्रैक पर भोजगढ़ी नाले में अधिक बर्फ होने के कारण टीम को लौटना पड़ा।

पार्क के अधिकारियों का कहना है कि अगर इस सप्ताह ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी नहीं होती है तो पर्वतारोहियों के लिए ट्रैक खोल दिया जाएगा। लेकिन आम यात्रियों के लिए अभी गोमुख जाने के लिए इंतजार करना पड़ेगा। गंगोत्री नेशनल पार्क के गेट एक अप्रैल को खोल दिए गए हैं लेकिन गोमुख ट्रैक पर अधिक बर्फबारी और क्षतिग्रस्त मार्ग के कारण 13 दिन बाद भी उस पर ट्रैकर्स और यात्रियों के लिए आवाजाही प्रतिबंधित किया गया है। बीते शनिवार को पार्क के उपनिदेशक हरीश नेगी सहित गढ़वाल हिमालय ट्रैकिंग एंड माउंटेनियरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जयेंद्र राणा के नेतृत्व में वन विभाग और ट्रैकिंग से जुड़े लोगों ने गोमुख ट्रैक का स्थलीय निरीक्षण किया।

दल ने कनखू बैरियर से लेकर भोजगढ़ी तक 11 किमी का ट्रैक का निरीक्षण किया लेकिन भोजगढ़ी नाले में अधिक बर्फ होने और बर्फबारी शुरू होने के कारण इन्हें लौटना पड़ा। जयेंद्र राणा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि पर्वतारोहण से जुड़े लोगों के लिए मार्ग में कोई समस्या नहीं है। इसलिए पर्वतारोहियों को ट्रैकिंग और आरोहण के लिए जाने की अनुमति दी जाए।

उपनिदेशक हरीश नेगी ने कहा कि अगर गोमुख क्षेत्र में इस सप्ताह बर्फबारी नहीं होती है तो एक सप्ताह बाद पर्वतारोहियों के लिए ट्रैक खोल दिया जाएगा। हालांकि अभी गोमुख तक जाने वाले यात्रियों को इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि आम लोगों के जाने के लिए रास्ता सही नहीं है। साथ ही ट्रैक पर अभी आश्रम और जीएमवीएन के गेस्ट हाउस भी नहीं खुले हैं।



# मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनको भावपूर्ण स्मरण किया

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय संविधान के निर्माता एवं 'भारत रत्न' बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समरसता, समानता एवं न्याय के आदर्शों की स्थापना के लिए समर्पित रहा। उन्होंने समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब के विचार एक सशक्त, समावेशी एवं न्यायपूर्ण समाज के निर्माण हेतु मार्गदर्शक हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में समरसता एवं समानता को बढ़ावा देने में अपना योगदान दें।

# मकान का ताला तोड लाखों का सामान चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोड वहां से लाखों रूपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिमला बिहार निवासी खुशरेज ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ बाहर गया था। आज जब वह वापस आया तो उसने देखा कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ था तथा घर के अन्दर से टीवी, सीलिंग फेन, पत्थर काटने की मशीन, बर्तन, बिजली के तार के पैकेट बिजली का पूरा सामान 20 से अधिक न्यू शूट गायब थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मारपीट में बाप-बेटे गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। मारपीट करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बाप बेटे को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार माता वाला बाग निवासी शिवांश गर्ग ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पडोस में रहने वाले संजय कुमार गुप्ता व उसके बेटे सागर ने उसके साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी। उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर सुनकर जब आसपास के लोग वहां पर आये तो दोनों उसको जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



# राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किये

संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धसुमन अर्पित किये। आज यहां राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन एवं राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग भारत संगठन ने संविधान निर्माता भारत रत्न से सम्मानित दलितों के मसीहा डाक्टर भीमराव अम्बेडकर को देहरादून नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन कार्यालय में श्रद्धासुमन अर्पित कर एवं फूलमाला पहनाकर बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का आहवान किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राष्ट्रीय महासचिव संगठन एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी नरेश वैध नगर निगम यूनियन शाखा उपाध्यक्ष विनोद कुमार, आशुतोष, सुनील कुमार, पप्पू, अरविंद कुमार, राजेश कुमार, चेतन आदि कर्मचारी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बस्ती उत्तर प्रदेश से गुमशुदा बालिका को ढूंढकर परिजनों से मिलाया

संवाददाता

टिहरी। पुलिस ने बस्ती उत्तर प्रदेश से गुमशुदा बालिका को ढूंढकर परिजनों से सुपर्द किया।

आज यहां प्रभारी निरीक्षक मुनि की रेती को सूचना प्राप्त हुई कि एक बालिका जिसका नाम कु0 अंजू (काल्पनिक नाम) उम्र करीब 15 वर्ष जो पुरकोलिया बस्ती जिले के रहने वाली है। घर से बिना बताए ऋषिकेश की तरफ आई है इसकी लोकेशन ऋषिकेश मुनि की रेती क्षेत्र में आई है। सूचना पर थाना मुनि की रेती पर समस्त चौकी प्रभारी गण तथा सभी समस्त एचपीयू मोबाइल को सतर्क करते हुए तलाश किए जाने हेतु अवगत कराएगा।



उक्त सूचना पर शाम में करीब चार बजे उक्त बालिका की लोकेशन जानकीपुल के आसपास पाई गई। लोकेशन तथा पूछताछ के आधार पर उक्त बालिका को जानकी पुल के पास से बरामद कर महिला कांस्टेबल वैशाली की निगरानी में बैठाया गया। महिला कांस्टेबल के माध्यम से गुमशुदा बालिका से बातचीत करने का प्रयास किया गया तो बालिका द्वारा बताई जाएगी घर वालों की डांट से नाराज होकर वह घर से बिना बताए ऋषिकेश आ गई थी। गुमशुदा बालिका के परिजनों को सूचित किया गया। आज गुमशुदा बालिका के परिजन अजीत चौहान पुत्र निरहू चौहान निवासी ग्राम सिरकोहिया, थाना पैकोलिया जिला बस्ती उत्तर प्रदेश पकोलिया थाना पुलिस के थाना मुनि की रेती पर उपस्थित आए। उक्त बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया पुलिस के इस कार्य के लिए परिजनों द्वारा आभार व्यक्त किया गया तथा पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गई तथा उत्तराखंड पुलिस का धन्यवाद दिया गया।

# पाईप के बंडल चोरी करते दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने पाईप के बंडल चोरी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मालवीय रोड निवासी विरीता गुप्ता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भण्डारी बाग में सेनेटरी का गोदाम है। गत रात्रि दो लोगों ने उसके गोदाम से पानी के पाइप के बंडल चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चैकिंग के दौरान दो लोगों को चोरी के पाइपों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम आशीष पुत्र रमेशश निवासी मातावाला बाग व सोनू टोपाल पुत्र कमल निवासी माल रोड बिन्दाल बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पीएम मोदी के आगमन पर कांग्रेस का प्रदर्शन, कार्यकर्ता गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। पीएम मोदी के देहरादून आने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। पीएम मोदी से सवाल पूछने जा रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कांग्रेस नेता संजय कनौजिया (कद्दू भाई), मोहन काला और नितिन चंचल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री से सवाल पूछना लोकतंत्र में हमारा संवैधानिक अधिकार है पर आज नरेंद्र मोदी के शासन में संवैधानिक अधिकार पर



कुठाराघात हो रहा है। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार अंकिता भण्डारी पर मौन क्यों? केदारनाथ मंदिर का 230 किलो सोना कहां गया इस पर प्रधानमंत्री मौन क्यों ? उत्तराखंड 9 हिमालयी राज्यों में महिला अपराध पर नम्बर पर आ गया प्रधानमंत्री मौन क्यों? युवाओं के रोजगार पर प्रधानमंत्री मौन क्यों? क्या देश के प्रधानमंत्री से सवाल पूछना गुनाह हो गया है।

# धूमधाम से मनायी गयी अंबेडकर जयंती

हमारे संवाददाता

पौड़ी। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित उनकी प्रतिमा पर संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी को शुभकामनाएं भी दीं और उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।



इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय समाज को समानता, न्याय और अधिकारों की दिशा में नयी सोच दी। उन्होंने बताया कि उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा और समर्पण का अद्भुत उदाहरण है, जिससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान के मूल्यों को अपनाकर ही समाज में सच्ची समरसता स्थापित की जा सकती है। इस

### ❑संयुक्त मजिस्ट्रेट ने किया माल्यार्पण

अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया तथा उनके विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अनुज कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा नरेंद्र टम्टा, क्रांति किशोर, जसपाल रावत, लक्ष्मण सिंह नेगी, मनीष कुमार, अनिरुद्ध, भक्ति लाल शाह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री से मिलने जा रहे उक्रांद नेताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार



संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री से मिलने जा रहे उत्तराखण्ड क्रांति दल के नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर नेहरू कालोनी थाने पहुंचाया।

आज उत्तराखंड क्रान्ति दल महानगर देहरादून द्वारा देश के प्रधानमंत्री से मिलने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। इस उद्देश्य से सभी केंद्रीय पदाधिकारी एवं महानगर के कार्यकर्ता एमडीडीए कार्यालय के समीप एकत्रित हुए, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण रूप से शासन-प्रशासन द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर नेहरू कॉलोनी थाने ले जाया गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष प्रवीण रमोला ने कहा कि हमारा उद्देश्य स्पष्ट था। हम उत्तराखंड के ज्वलंत मुद्दों से प्रधानमंत्री को अवगत कराना चाहते थे। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड जैसे गंभीर मामले पर आज तक प्रधानमंत्री का एक शब्द न बोलना अत्यंत पीड़ादायक है। साथ ही धामी सरकार द्वारा देवभूमि में जिस प्रकार शराब को बढ़ावा दिया जा रहा है, वह समझ से परे है। क्या यही विकास है। केंद्रीय महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट ने कहा कि उत्तराखंड में माफियाओं का बढ़ता हुआ प्रभाव इस बात का संकेत है कि कहीं न कहीं उन्हें सरकार का संरक्षण प्राप्त है। केन्द्रीय महामंत्री किरण रावत ने कहा कि जो सरकार "बेटी बचाओ" का नारा देती है, उसी के शासन में बेटियों की अस्मिता पर लगातार हमला हो रहा है। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है। केन्द्रीय महामंत्री बृजमोहन सजवाण ने कहा कि जिस प्रकार खनन माफिया उत्तराखंड की नदियों और पहाड़ों का अंधाधुंध दोहन कर रहे हैं, वह अत्यंत चिंताजनक है। उत्तराखंड की नदियाँ और पहाड़ किसी की लूट का मैदान नहीं हैं। इन्हें बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। हम इन सभी ज्वलंत मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री से मिलना चाहते थे, लेकिन लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करते हुए हमें रोका गया। इस दौरान महानगर संगठन मंत्री कपिल कुमार, महामंत्री निशिथ मनराल, राजीव नौटियाल, सुमित डंगवाल, गजेंद्र नेगी, राकेश ध्यानी, रमा चौहान, राजेश्वरी रावत, हीरा सिंह, किशोर बहुगुणा, जीतेन्द्र, मनोज भट्ट, राम भट्ट, अनीता चंद सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सम्पत्ति विवाद को लेकर हुए झगड़े के आरोपी तीन सगे भाई गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। सम्पत्ति विवाद को लेकर हुए झगड़े का वीडियों वायरल होने पर पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए इस मामले के पांच-पांच हजार के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार हुए सभी आरोपी सगे भाई बताये जा रहे है। एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि थाना पथरी पुलिस ने बीते 7 अप्रैल को इब्राहिमपुर में हुए झगड़े के मामले में फरार चल रहे पांच-पांच हजार के तीन ईनामी आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। बताया कि यह विवाद दो भाईयों में बंटवारे को लेकर चल रहा था। जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस ने संभावित स्थानों पर दबिश दी गई लेकिन उनके लगातार फरार रहने पर एसएसपी नवनीत सिंह द्वारा इन तीनों आरोपियों पर पांच-पांच हजार का ईनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तार किये गये आरोपियों के नाम अमजद पुत्र रिफाकत उम्र 28 वर्ष, तजमुल पुत्र रिफाकत उम्र 26 वर्ष व तनवीर पुत्र रिफाकत उम्र 20 वर्ष बताये जा रहे है।

**❑दो भाईयों के बीच था विवाद, झगड़े का वीडियों हुआ था वायरल**

# बंद मकान में हुई चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



नैनीताल। बंद मकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से चुराया गया माल व वारदात में प्रयुक्त स्कूटी भी बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज बलजीत सिंह निवासी देवपुर सनवाल, थाना चोरगलिया द्वारा अपने भाई के घर में 12 अप्रैल की रात हुई चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कुछ ही घंटों चुराये गया लगभग 50 हजार रूपये का माल व घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गयी है। पूछताछ में उन्होने अपना नाम करन पुत्र मदनलाल निवासी बागजाला स्टेडियम के पास, काठगोदाम, व संजय बिष्ट पुत्र प्रताप बिष्ट, निवासी बागजाला स्टेडियम के पास, काठगोदाम बताया। पुलिस ने उन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# अंकिता भण्डारी को न्याय दिलाने व वीआईपी को सजा पर चुप्पी मोदी सरकार की संवेदनहीनता उजागरः थापर

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर ने कहा कि अंकिता भण्डारी को न्याय दिलाने व वीआईपी को सजा पर चुप्पी मोदी सरकार की संवेदनहीनता को उजागर करता है।

आज यहां उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के देहरादून दौरे पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आज अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण पर लंबी-लंबी बातें कीं, किन्तु उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने व तथाकथित वीआईपी को सजा दिलाने के गंभीर मुद्दे पर पूर्णतः मौन साधे रखा, जो न केवल दुर्भाग्यपूर्ण



है बल्कि सरकार की संवेदनहीनता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी के माता-पिता द्वारा हाईकोर्ट के जज की निगरानी में ब्ठप् जांच की मांग को लेकर दी गई लिखित शिकायत को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दरकिनार कर दिया, जबकि अपने चहेतों की कानूनी शिकायत के आधार पर सीबीआई जांच की घोषणा कर दी गई। यह पूरे प्रकरण को संदिग्ध बनाता है और सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करता है। अभिनव थापर ने कहा कि प्रधानमंत्री देहरादून आकर हमेशा की तरह "मन की बात" सुनाकर चले गए, लेकिन प्रदेश की अस्मिता से जुड़े हमारी बेटी अंकिता भंडारी की सबसे पीड़ादायक घटना पर एक शब्द तक नहीं बोले। यह दर्शाता है कि सरकार संवेदनशील मुद्दों पर जवाब देने से बच रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जागरूक जनता इस अन्याय को कभी नहीं भूलेगी और आने वाले समय में इसका करारा जवाब देगी।

# तुर्की में स्कूल के पूर्व छात्र ने की अंधाधुंध गोलीबारी!

हमारे प्रतिनिधि

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी तुर्की के एक हाई स्कूल में एक पूर्व छात्र ने अंधाधुंध गोलीबारी की है। गोलीबारी में कम से कम 16 लोग घायल हो गए। स्कूल में फायरिंग की वारदात को अंजाम देने के बाद पूर्व छात्र ने खुद को भी गोली मार ली।

एक अधिकारी ने इस घटना के बारे में जानकारी दी है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि संदिग्ध एक लंबी नली वाला हथियार लेकर हाई स्कूल के अहाते में घुसा और फिर अंधाधुंध फायरिंग की। हमलावर छात्र की उम्र 18 साल बताई जा रही है और उसके पास एक शॉटगन थी। उसने सानलिउर्फा प्रांत के सिवेरेक में स्थित एक वोकेशनल हाई स्कूल में गोलीबारी की और फिर इमारत के अंदर छिप गया। गवर्नर हसन सिल्डक ने बताया कि बाद में उसने उसी शॉटगन से खुद को गोली मार ली। सिल्डक ने बताया कि इस हमले में 10 छात्र, 4 शिक्षक, कैंटीन का एक कर्मचारी और एक पुलिस अधिकारी घायल हुए हैं।गवर्नर ने बताया कि ज्यादातर घायलों का इलाज सिवेरेक में ही चल रहा था, लेकिन घायल शिक्षकों और छात्रों में से 5 को प्रांतीय राजधानी के एक अस्पताल में शिफ्ट किया गया है।



रिपोर्ट के अनुसार, घायलों में शामिल एक शिक्षक की हालत गंभीर है। हमले का मकसद अभी तक साफ नहीं हो पाया है। तुर्की में स्कूलों में गोलीबारी की घटनाएं बहुत कम होती हैं। छ्ज्ट ने बताया कि जब हमलावर ने सरेंडर करने से इनकार कर दिया, तो पुलिस की स्पेशल ऑपरेशंस यूनिट्स को तैनात किया गया और इस दौरान स्कूल के सभी कर्मचारियों और छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हमले के दौरान दर्जनों छात्र स्कूल से भागकर गेट की तरफ और फिर सड़क पर आते हुए दिखाई दिए। तुर्की के गृह मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि सानलिउर्फा के सिवेरेक जिले में स्थित अहमत कोयुनकु वोकेशनल एंड टेक्निकल एनाटोलियन हाई स्कूल पर हमला हुआ है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि हमलावर ने एक शॉटगन से हमला किया था और बाद में उसी हथियार से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मंत्रालय ने यह भी कहा कि सुरक्षा इकाइयों ने इस मामले की व्यापक जांच शुरू कर दी है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*